तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 1 फरवरी 2026




लालखदान की फ्लाई ओवरब्रिज खराब।



## लोड पिस्टल, नशीली दवा सहित नशे का बड़ा सौदागर पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोबाइल लोकेशन के आधार पर पीछा करते हुए आरक्षकों ने स्कूटी से भाग रहे नशे के बड़े सौदागर को पकड़ लिया है। उसके पास से लोडेड पिस्टल, 1 हजार 190 नग प्रतिबंधित नाइट्रा टेबलेट बरामद किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कि जरहाभाठा मिनी बस्ती निवासी नशे के सौदागर स्वराज कुर्रे पिता छन्नू कूर्रे बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित नशीले दवा बिक्री करने का काम कर रहा है। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई एसआर साहू के नेतृत्व में आरक्षक आशीष कुर्रे, विरेन्द्र सिंह राजपूत, केशव मार्को ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर उसका सकरी तक पीछा किया। उसके बाद वह अचानक फिर से स्कूटी मोड़कर शहर की ओर वापस आने लगा। लोकेशन के आधार पर तीनों आरक्षकों ने पीछा करते हुए मंगला चौक के पास उसे स्कूटी सहित पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास लोडेड पिस्टल और 20 नग जिंदा कारतूस मिले। डिक्की की तलाशी लेने पर 1 हजार 190 नग नाइट्रा टेबलेट मिला। पुलिस ने एनडीपीएस की धारा 21, 22, 29 व 25 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

■ सिविल लाइन पुलिस को मिली सफलता

### 6 माह पहले जेल से छूटा

डेढ़ साल पहले आरोपी स्वराज कुर्रे व उसके साथियों को पुलिस ने डकैती की योजना बनाते हुए पकड़ लिया था। उनके पास से 5 पिस्टल, तलवार जब्त की गई थी। उक्त मामले में वह 6 माह पूर्व जमानत में जेल से छूटा था। जेल से बाहर निकलने के बाद बड़े पैमाने पर नशे का कारोबार कर रहा था।

### मां, भाई-बहन, भाभी जेल में

आरोपी का बड़ा भाई अक्षय कुर्रे शहर का सबसे बड़ा नशे का सौदागर था। उसको कोर्ट से 15 साल की सजा हो गई है। इसी तरह नशे के कारोबार करने के मामले में उनकी उसकी मां गोदावरी बाई, छोटी भाई आकास कुर्रे, बहन श्रृष्टि कुर्रे व भाभी जेल में बंद है। उसके दो छोटे भाई सुभाष कुर्रे व एक नाबालिग बाहर हैं।

### पिस्टल दिलाने वाले की तलाश जारी

आरोपी को पिस्टल पड़ोसी राज्य के शातिर बदमाश ने उपलब्ध कराई थी। पूर्व में डकैती की योजना बनाते समय आरोपी के कब्जे से मिले 5 पिस्टल भी उक्त शातिर बदमाश के द्वारा ही उपलब्ध कराई गई थी। पुलिस उसकी तलाश में पड़ोसी प्रदेश जाने की तैयारी में है।

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कौशिक के जन्मदिन पर होंगे विविध कार्यक्रम



**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक का 1 फरवरी को जन्मदिन मनाया जाएगा। इस अवसर पर वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सुबह 8 बजे गृह निवास परसदा से माँ महामाया का दर्शन करने प्रस्थान करेंगे। सुबह 9 बजे पूजा अर्चना कर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाक़ात करेंगे। सुबह 11 बजे सामुदायिक भवन तिफरा पानी टंकी परिसर में आगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका स्वच्छता दीदी का सम्मान करेंगे। दोपहर 1 बजे रेस्ट हाउस पथरिया में उज्ज्वला के हितग्राहियों को गैस सिलेंडर वितरण एवं कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। दोपहर 3 बजे बस स्टैण्ड परिसर सरगांव के विभिन्न कार्यक्रम में शामिल एवं मंडल कार्यकताओ से भेंट करेंगे। शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे मंगल भवन बिल्हा (केशला) में कार्यकर्ताओं से सौजन्य भेंट मुलाक़ात कार्यकम में शामिल होंगे।

## सर्व सवर्ण समाज का भारत बंद आज



**बिलासपुर।** सर्व सवर्ण समाज द्वारा यूजीसी के नए नियमों के विरोध में 1 फरवरी रविवार को भारत बंद का आव्हान किया गया है। इसके तहत बिलासपुर सर्व सवर्ण समाज द्वारा बिलासपुर बंद कराया जाएगा। इस बंद को विभिन्न समाजों, व्यापारिक संगठनों का समर्थन प्राप्त है।

सवर्ण समाज का कहना है कि जब तक यह कानून वापस नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस बंद के दौरान सभी दुकानें और व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। सर्व समाज एक साथ एकत्रित होकर रविवार सुबह 9 बजे बिलासपुर बंद कराने नेहरू चौक से निकलेंगे।

इस भारत बंद को विभिन्न समाजों और व्यापारीक संगठनों का समर्थन प्राप्त है। 1 फरवरी रविवार बंद के लिए विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने यूजीसी के काले कानून के विरोध में इस बंद में सहयोग करने की बात कही है। सर्व सवर्ण समाज द्वारा 1 फरवरी रविवार को भारत बंद बिलासपुर बंद रखा गया है। 2 फरवरी को दोपहर 12 बजे देवकीनंदन चौक से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

व्यापार व उद्योग मेले में हरिभूमि का आयोजन

## स्वस्थ शिशु, रंगोली, मेहंदी स्पर्धा आज

**बिलासपुर।** साईंस कॉलेज मैदान सरकंडा में बीएनआई बिलासपुर द्वारा आयोजित व्यापार व उद्योग मेले में हरिभूमि द्वारा रविवार 1 फरवरी को स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता, रंगोली सजाओ एवं मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से आरंभ होगी। इस प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ सुशील कुमार, डॉ श्रीकांत गिरी, डॉ एमएच सिद्धीकी हैं।

हरिभूमि द्वारा आयोजित स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता दो वर्गों में होगी। पहले वर्ग में 0 से 3 एवं दूसरे वर्ग में 3 से 5 वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। रंगोली सजाओ प्रतियोगिता सुबह साढ़े 9 बजे एवं मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता सुबह साढ़े 11 बजे से आरंभ होगी। मेहंदी एक ही हाथ में लगाना है। मेहंदी लगाने के लिए एक घंटे का समय दिया जाएगा। प्रतियोगिता हेतु आवश्यक सामग्री साथ लावें। रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता तीन वर्गों में होगी। इसमें 5 से 15 वर्ष, 16 से 25 वर्ष एवं 26 वर्ष से ऊपर की प्रतिभागी शामिल हो सकेंगी। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय सहित ढेरों सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। वहीं सभी प्रतियोगियों को प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम होगा। यह प्रतियोगिता केवल महिलाओं, युवतियों के लिए है।



JUNEJA SUPERSPECIALITY EYE HOSPITAL

BLURRED VISION?

Can be due to "CATARACT"

Quick & Painless

ADVANCE CATARACT Surgery with Premium Lens (IOL) implantation




✓ No Injection ✓ No Bandage ✓ No Hospital Admission

Cashless tie up for Coal India Patients | Cashless tie up for SEC Railway Patients | Cashless tie up for CG State Employees | Multiple Insurance & TPA tie ups



Dr. Sonal Juneja
MS, FREH, FRF, FUOC (USA)
Advanced Cataract, Corneal eye Transplant & Lasik Surgeon

3rd Floor, Above Apollo City Center, Near CMD Chowk, Bilaspur (C.G.)
www.junejaeyehospital.com juneja_eye_hospital

7389504105, 7389504106 7389159805



हरिभूमि

inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल

एवं

BNI बिलासपुर 2026 व्यापार एवं उद्योग मेला

द्वारा आयोजित

निःशुल्क



स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता

समय : सुबह 10:00 बजे से

प्रतियोगिता दो वर्गों में होगी 0 से 3 वर्ष तक एवं 3 से 5 वर्ष तक



रंगोली सजाओ प्रतियोगिता

समय : सुबह 9:30 बजे से



मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता

समय : सुबह 11:30 बजे से

स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल : डॉ. सुशील कुमार, डॉ. श्रीकांत गिरी, डॉ. एम.एस. सिद्धीकी

दिनांक : 01 फरवरी, दिन : रविवार, स्थान : मेला स्थल, साईंस कॉलेज मैदान, सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.)

प्रायोजक :-

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
Near High Court, Raipur Road Bilaspur (C.G.)

AADHARSHILA BUILDERS PVT. LTD. | AADHARSHILA VIDYA MANDIR ज्ञानं सर्वार्थ साधकम् BILASPUR
Corporate Office : Opp. Chhattisgarh Bhavan, Tilak Nagar, Bilaspur (C.G.)

J.K. GROUP OF INSTITUTIONS
Campus : NEAR GATORA RAILWAY STATION, BILASPUR (C.G )
City Office : NEAR TORWA CHOWK, DAYALBAND ROAD, BILASPUR (C.G)

SRISHTI INFRABUILD PVT. LTD.
Creating Lives for Future
AN ISO 9001:2008 CERTIFIED COMPANY
2nd Floor, KRISHNA Sanchhatra Compound, Shiv Talkies Square, Beside Jalaram Food Junction Bilaspur (C.G.)

ओम् लाईफ लाईन मेडिकोज
पता -1. गीतांजली इनक्लेव के पास, रिंग रोड नं. 02, गौरव पथ, बिलासपुर फोन: 07752-407428
2. दवाई वाला, महामाया प्लाजा, मंगला चौक सेंट पलौटी स्कूल के बाजू में, बिलासपुर 07752-463767
मो. 98271-08951, 9300328517

पंजीयन का समय दोपहर 12 से 4 बजे तक

हरिभूमि
गौरवपथ, बाबजी पार्क के सामने
रिंग रोड नं. 2 बिलासपुर
फोन: 07752 - 401052, 401050

नियम एवं शर्तें : 1. रंगोली सजाओं प्रतियोगिता एवं मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता तीन वर्गों में होगी, 5 से15 वर्ष, 16 से 25 वर्ष एवं 26 से ऊपर की पृथक-पृथक होगी। 2. प्रतियोगिता के तीन भागों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सहित सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। 3. सभी प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। 4. निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम होगा। 5. यह प्रतियोगिता केवल महिलाओं के लिए है।

नोट - 1. मेहंदी एक ही हाथ में लगाना है 2. मेहंदी लगाने हेतु एक घंटे का समय दिया जाएगा 3. प्रतियोगिता हेतु आवश्यक सामग्री साथ लावें।


बिल्हा के विकास पुरुष, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक
मान. धरमलाल कौशिक जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
डॉ. राजेश यादव (B.P.T.)
डायरेक्टर
न्यू जनता हॉस्पिटल
शिव चौक, यदुनंदन नगर रोड, तिफरा,
बिलासपुर (छ.ग.), मो. 9755568886


जीवेत शरदः शतम्
जीवेत शरदः शतम्
छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष,
भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं बिल्हा के माटीपुत्र,
विकासपुरुष, यशस्वी विधायक
मा. धरमलाल कौशिक जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रविन्द्र पाटनवार
विधायक प्रतिनिधी (बिल्हा)
भृगु अवस्थी
भाजपा नेता
राम कुमार कौशिक
जनपद अध्यक्ष बिल्हा
डॉ. देवेन्द्र कौशिक
जिला मंत्री भाजपा
विपीन वर्मा
विष्णु कौशिक
विजय श्रीवास
इंद्राशन क्षत्रीय
नीरज यादव
लक्ष्मण यादव
राकेश कौशिक
चन्द्रिका कौशिक
मुकेश गेंदले
करन कसेर
लोकेश साहू
निलेश भार्गव
मनीष कौशिक
शीनू कौशिक
ओमु दीवान
जय रजक
इंद्रजीत क्षत्रीय
मण्डल अध्यक्ष बिल्हा
लव कौशिक
जिला मंत्री युवा मोर्चा
मोनू यादव
मण्डल अध्यक्ष, युवा मोर्चा- बरतोरी
तामेश कौशिक
मण्डल अध्यक्ष, युवा मोर्चा- बोदरी
जितेन्द्र (गोलू) निर्णजक
मण्डल अध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग, बिल्हा
संतोष कश्यप
भाजपा नेता
रितेश अग्रवाल
जिला मंत्री भाजपा
आयुष कौशिक
युवा नेता
सागर बंजारे
नरेश शुक्ला
देव साहू
संदीप वर्मा
सौजन्य - समस्त कार्यकर्ता बिल्हा विधानसभा



एग्जाम

## 12वीं बोर्ड एग्जाम के लिए स्टूडेंट्स की थॉरिकल्स तैयारी पूरी

**बिलासपुर।** 12वीं बोर्ड एग्जाम के लिए स्टडेंट्स की थॉरिकल्स व प्रायोगिक परीक्षा की तैयारी पूरी हो चुकी है। विद्यार्थियों में परीक्षा का प्रेशर कम करने साइंस विषयों की लर्निंग उन्हें कक्षा व प्रयोगशाला में स्पॉट प्रैक्टिकल वर्क, प्रोजेक्ट वर्क और टॉपिक्स से शार्ट प्रश्नोत्तरी से तैयारी कराई गई है। इससे साइंस सब्जेक्ट के विद्यार्थियों में पढ़ाई में रुचि, टॉपिक्स को समझने और याद रखने की क्षमता में लाभदायक सिद्ध हुआ है। एक स्कूल की साइंस टीचर यह कहना है कि मैं बॉयोलॉजी की टीचर्स हूं। अपने सब्जेक्ट का रिडिंग कक्षा में विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की कंप्लीट तैयारी इसी ट्रिक्स से पूरे शैक्षणिक सत्र में कराती हूं। इससे विद्यार्थियों को परीक्षा को लेकर किसी भी तरह का मानसिक दबाव या तनाव नहीं रह जाता है। बॉयोलॉजी में डीएनए क्रोमोसोम, इकोसिस्टम, एल्कोहॉल जैसे टॉपिक्स पर स्पॉट प्रैक्टिकल कराया जाता है, ताकि स्टूडेंट्स उस टॉपिक्स को स्वयं करके और देखकर समझें और याद रखें। इसके अलावा ब्लूप्रिंट, पांच सालों का प्रश्नपत्रों को हल कराना, क्वार्टली व हाफ ईयरली एग्जाम, प्री-बोर्ड परीक्षा, मंथली टेस्ट से रिटर्न वर्क स्टूडेंट्स की परीक्षा को लेकर रही सही कसर को पूरा कर देता है।



### साइंस सब्जेक्ट की एक्स्ट्रा क्लासेस से तैयारी

टीचर बताती है कि परीक्षा की तैयारी को लेकर हमारे स्कूल में 11 बजे से साइंस सब्जेक्ट की एक्स्ट्रा क्लासेस भी लगती हैं। यहां पर विद्यार्थियों को एग्जाम टिप्स व टॉपिक्स से संबंधित हर तरह की डाउट्स क्लीयर हो जाते हैं। इससे परीक्षा टाइम में विद्यार्थियों को काफी बेनिफिट देने वाला क्लास है।

आयोजन

## युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में प्रदेश के युवाओं ने किया प्रतिनिधित्व



**बिलासपुर।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत माय भारत द्वारा आयोजित 5 दिवसीय अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन यूथ हॉस्टल गोवा में किया गया। इसमें बिलासपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ से चयनित 37 युवाओं ने सहभागिता कर राज्य का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी युवाओं को राज्यपाल राजभवन, गोवा विधानसभा भवन, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वाटर स्पोर्ट्स सहित विभिन्न महत्वपूर्ण प्रशासनिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। इससे युवाओं को शासन प्रणाली, सांस्कृतिक विविधता एवं राष्ट्रीय एकता को निकट से समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के युवा प्रतिनिधि धनेश रजक, अर्जुन साहू, यादवेंद्र, एकता साहू एवं विभा ने मुख्य अतिथि केंद्रीय नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाईक स्मृति चिन्ह भेंट किया। इससे राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ की गरिमामय उपस्थिति परिलक्षित हुई। छत्तीसगढ़ से कार्यक्रम में सहभागिता निभा रहे युवाओं ने इस कार्यक्रम को अनुभव, सीख और प्रेरणा से भरपूर बताते हुए कहा कि यह मंच उन्हें नए दृष्टिकोण, नेतृत्व कौशल एवं राष्ट्रीय भावना से जोड़ने वाला साबित हो रहा है। सौमित्र साहा के कुशल टीम लीडरशिप में छत्तीसगढ़ दल ने अनुशासन एवं सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम


## वार्षिकोत्सव में समाज के बच्चों वरिष्ठजनों का सम्मान



**बिलासपुर।** रतनपुर स्थित श्री खंडोबा मंदिर में जिला मराठा समाज बिलासपुर का 53वां श्री खंडोबा वार्षिकोत्सव मनाया गया। इसमें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के वरिष्ठजनों एवं समाज के सहयोगियों का सम्मान किया गया। समाज के बच्चों को डॉ सुधाकर बिबे एवं रमा कदम ने सम्मानित किया। समाज के अध्यक्ष शशांक चौहान ने बताया कि माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी के दिन वार्षिकोत्सव मनाया जाता है। उत्सव पर सुबह 9 बजे से गोंधल पूजा प्रारंभ हुई। इस पूजा को विश्वनाथ चौहान बत्तिसे नागपुर ने संपन्न कराया। समाज के युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन हुआ। 14 दम्पत्तियों ने गोंधल पूजा में बैठे। पूजा पूरी रात्रि तक हुई। सुबह 5 बजे महाआरती की गई। मंच संचालन लोकेश गायकवाड़ ने किया। छत्तीसगढ़ से आए सभी मराठा बंधुओं के लिए भंडारा बीआर मराठा परिवार की ओर से करवाया गया।

**ये रहे अतिथि :** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण साव उपमुख्यमंत्री, विशिष्ट अतिथि राघोबा महाडिक, शोभा बिबे, करुणा आहेर, राघवेंद्र भोसले, सुधाकर सालुंके, लवकुश कश्यप, बादल बाकरे थे। मुख्य अतिथि श्री साव को पेशवाई पगड़ी, मातृशक्तियों, युवा सेना ने तलवार भेंट कर उनका सम्मान किया।

# डीपीएस में 12वीं के विद्यार्थियों को रंगारंग प्रस्तुति के साथ दी गई विदाई









हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिल्ली पब्लिक स्कूल में अध्यनरत 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद और विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को अनेक उपाधियों से सम्मानित करते हुए संस्था प्राचार्य ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और परीक्षा से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्रेषित किए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा के बेहतरीन प्रस्तुतीकरण से सब का मन मोह लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सुरेन्द्र पाठक, प्रशासनिक अधिकारी और आरसी मोहंती एव रविंद्र नाथ भटनागर सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

**संगीत, कला पर दिव्यांगों ने पेश किया रंगारंग कार्यक्रम**

# प्रस्तुति में दिखी सभी राज्यों की संस्कृति की झलक

संगीत एवं कला पर देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन में आयोजित कार्यशाला में दिव्यांग छात्रों ने संगीत, नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित सभी राज्यों की संस्कृति की झलक दिखी।

**बिलासपुर।** अंध-मूक बधिर छात्रों ने निदा फ़ाज़ली की गजल-धूप तो होगी सफर में... प्रस्तुत किया। इसके बाद दिव्यांग छात्रा आरती नेताम ने हारमोनियम पर प्रस्तुति दी। टिकेश्वरी रजक ने देशभक्ति गीत-ऐ मेरे वतन के लोगों, जरा आंख में भर लो पानी.. गाया। तिफरा मूक-बधिर शाला के छात्रों ने नशा मुक्ति पर दो प्रस्तुतियां दी। जिसे काफी सराहना मिली। लवली और साथियों ने लावणी नृत्य पेश किया और महाराष्ट्र की छवि दिखाई।

सृष्टि साहू, स्नेहा, स्मिता, उषा ने भजन पर मराठी नृत्य, अंबिका पांडेय ने गुजराती नृत्य, सुरभि साक्षी आकांक्षा रिया खुशबू, मुस्कान और कनक ने सुआ नृत्य, अनन्या और साथियों ने जस गीत प्रस्तुत किया। गीतांजलि, ज्योति, छानी, पीहू और कृतिका की प्रस्तुति भी सराही गई। तनिष्क वर्मा ने आर्गन पर एवं नृत्यांगना तनुश्री चौहान ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। अंत में इशिका गिरी ने कथक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्ता परवीन ने किया। आयोजक पंकज एवं मयूरी खंडेलवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम लगभग 2 सौ स्कूल के छात्रों के लिए आयोजित था। इस तरह के कार्यक्रम आगे भी कराए जाएंगे।





**ये रहे अतिथि**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ विनय पाठक थे। अध्यक्षता डॉ चंद्रभूषण बाजपेई ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व बीडीए अध्यक्ष अनिल टाह, प्रवीण झा और पं. संजय दुबे थे।

**इनका सम्मान**

कार्यक्रम में शिवसेना के जिलाध्यक्ष रेवती यादव, प्राचार्य बीके चौकसे, महासचिव सुरेंद्र वर्मा एवं गायन के लिए वरिष्ठ कलाकार परमवीर मरहास को सम्मानित किया गया।





## बुजुर्ग होते हैं अनुभव से भरपूर, लें लाभ





**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ओम शांति सरोवर उसलापुर प्रांगण में वरिष्ठ, बुजुर्ग नागरिकों के सम्मान को बढ़ाने संगम गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानीय जीवन विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें रूबी बहन ने प्रेरक कविता-आशीष का अंसार आप है.. प्रस्तुत की। आकाश पटवा, प्रीति ध्रुव, बीके शिवानी, बीके मधु ने ड्रामा वृद्धाश्रम का दृश्य का मंचन किया।

- ओम शांति सरोवर उसलापुर में कार्यक्रम

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूजा विधानी जिला महापौर कहा कि बुजुर्गों का सम्मान बहुत ही प्रेरणादायक कार्यक्रम है। बुजुर्ग अपने अनुभव से भरपूर होते हैं। यह बहुत पीड़ा दायक बात है कि आज कल के युवा अपने सास-ससुर मां-बाप या बुजुर्गों के दर्द को नहीं समझ पाते है, जबकि वे बच्चों के दर्द को सहज ही समझ जाते हैं। विशिष्ट अतिथि निधि मंडावी, कु. शिल्पा बहन गोडलीवुड एक्टर माउंट आबू ने भी अपने विचार रखे। अंत में सभी बुजुर्ग माताओं और दादाओं को महापौर पूजा विधानी एवं छाया दीदी ने तिलक लगा, फूलों की माला, श्रीफल और पटकूं देकर सम्मान किया। राजयोग मेडिटेशन द्वारा सभी को शांति का अनुभव कराया गया। इस मौके पर रेखा आहूजा, गायत्री साहू, भ्राता आजूराम ध्रुव (वरिष्ठ दादा), भ्राता पी एन खत्री, विष्णु अग्रवाल, नरेश भाई की उपस्थिति रही।

### बड़े बुजुर्गों को दें प्यार, समय

मुख्य वक्ता बीके छाया दीदी ने कहा कि बच्चे और वृद्ध की स्थिति समान हो जाती है। केयर केवल मकान देना, भोजन देना, मेडिकल चेकअप कराना, आवश्यक चीजें देना ही नहीं है बल्कि उन्हें प्यार, सहयोग, भावनात्मक सहारा और समय की आवश्यकता होती है। उनके साथ कुछ समय निकाल कर बैठें और बाते करें। उनकी सुने और उनके अनुभवों का लाभ लें। बड़े बुजुर्गों की दुआएं हमारी रक्षा करती है। आगे बढ़ाती है और हम जीवन में उन्नति कर पाते हैं। उनकी छत्रछाया में परिवार, बच्चों में अच्छे संस्कार डलते हैं।

## बिना स्वार्थ के कोई रिश्ता आपसे नहीं रखता केवल भगवान ही हमारा सच्चा हितैषी

**बिलासपुर।** संसार साथी स्वार्थ के हैं पक्के विरोधी परमार्थ के हैं , पूज्य स्वामी विजयानंद महाराज ऋषिकेश के श्रीमुख से दुर्लभ सत्संग कथा छठवें दिवस श्रवण करने हजारों की संख्या में खाटू श्याम मंदिर श्रोतागण पहुंचे।

पूज्य स्वामी जी कहते हैं संसार के सभी रिश्ते नाते स्वार्थ के हैं बिना स्वार्थ के कोई रिश्ता आपसे नहीं रखता केवल भगवान ही हमारा सच्चा हितैषी है बिना स्वार्थ के जीव से प्रेम करते हैं बस एक बार पुकारो हे नाथ मै आपका हु और आप हमारे हैं भगवान इतना ही सुनना चाहते हैं जीव मुझे अपना कहे मुझे स्वीकार कर ले भगवान हर कदम कदम में भक्त का साथ देते हैं बस हमे स्वीकार करने की आवश्यकता है बस मान लो भगवान हैं यही हैं अभी हैं भगवान को कही ढूंढने की जरूरत नहीं है भगवान हमारे हृदय देश ने विराजमान हैं सबके अंदर है बाबा तुलसीदास जी कहते हैं सियाराम मै सब जग जानी करहू प्रणाम जोरी जुग पानी यह भाव से संसार के समस्त जीव में अपने इष्ट को देखने की आवश्यकता है स्वामी जी कहते हैं कि कण कण में भगवान हैं यह मान्यता है किंतु कण कण ही भगवान है यही सत्य है पूज्य स्वामी विजयानंद गिरी जी महाराज ऋषिकेश की धरती से बिलासपुर दुर्लभ सत्संग कथा श्रवण कराने हेतु खाटू श्याम मंदिर पहुंचे हैं जिनके रविवार की कथा का अंतिम दिवस है कथा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक महराज जी के श्री मुख से श्रवण करने का सौभाग्य अंतिम दिवस के रूप में रविवार को प्राप्त हो रहा है पूज्य स्वामी जी कहते हैं कि अंतिम दिवस की कथा सुनने से पूर्ण दिवस की कथा का पुण्य मिलता है , पूज्य स्वामी जी रामसुख जी महाराज के अत्यंत प्रिय शिष्यों में से हैं , 25 वर्ष उनकी सेवा की सिद्धांतों को अपने जीवन में निर्वाह कर रहे हैं पूरे भारत में राम कथा का प्रचार कर अध्यात्म की अलख जगा रहे हैं और किसी प्रकार का दान चढ़ावा , भेंट स्वीकार नहीं करते हैं , किसी भी टीवी चैनल मीडिया में नहीं आते इनकी फोटोग्राफी माला पहनाना चरण छूना आरती में पैसा चढ़ाना पूर्ण रूप से निषेध है , महराज जी से मिलने का समय प्रातः काल 9 बजे से 10 बजे तक सुनिश्चित है जिसमें भगवत चर्चा ईश्वर प्राप्ति के संबंध में परिचर्चा के लिए समय सुनिश्चित है।



स्पोटर्स न्यूज

## क्रिकेट संघ बिलासपुर वूमेंस अंडर 15 और 19 टीम घोषित

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा निर्देशित अंडर 15 और अंडर-19 का ट्रायल क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा कोनी के आधारशीला विद्या मंदिर स्कूल के मैदान में कराया गया। क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव देवेंद्र सिंह ने बताया कि जिसमें कुल 31 महिला खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया जिसमें 17 वूमेंस खिलाड़ी अंडर 15 वर्ग के और 14 वूमेंस खिलाड़ी अंडर-19 वर्ग के महिला खिलाड़ी सम्मिलित थे। बिलासपुर के चयनकर्ता के रूप में अभिषेक सिंह, सुशांत शुक्ला और अभिनव शर्मा उपस्थित थे। ट्रायल के दौरान सभी महिला खिलाड़ियों ने अपने क्रिकेट बारीकियां और स्किल का प्रदर्शन चयनकर्ता के सामने किया जिसमें सर्वप्रथम रनिंग और फिटनेश कराया गया उसके पश्चात गेंदबाजी और बल्लेबाजी कराए गए इसके बाद ही ईस्ट जोन के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया।जो इस प्रकार हैः- वूमेंस अंडर 15 पावनी तिवारी, आद्या सेनगुप्ता, आर्या गौरहा, मान्या रजक, लावण्या देशमुख, आराध्य शर्मा, नीलिमा पटेल, किंजल यादव, मोक्षदा वर्मा, रिया साहू, डिम्पल यादव, आराध्य स्वर्णकार, अवनी चतुर्वेदी, छाया राजपूत, छवि राजपूत और सिद्धि सिंह का चयन किया गया है।और वूमेंस अंडर 19 में चांद चेलक ,गीत डेहरिया, सौम्या रात्रे, अर्पिता शर्मा, स्वर्णिका बनवारे, अनुष्का भास्कर, श्रीशांत साहू, प्राची दुबे, संयोजिता साहू, प्रतिष्ठा दुआ, रसलीन कौर खनूजा, आयुषी शर्मा, प्राची महानंद, मीनाक्षी मानिकपुरी का चयन किया गया। ये सभी खिलाड़ी ईस्ट जोन के लिए ट्रॉयल देंगे जो 2 फरवरी को सुबह 8 बजे रेलवे के सेक्रसा मैदान में आयोजित होगा।ट्रॉयल के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ सचिव विंटेश अग्रवाल, क्रिकेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया सचिव देवेंद्र सिंह, रितेश शुक्ला, शरद मुरारका, आनंद टावरकर, महेश दत्त मिश्रा, सोनल वैष्णव, मोहम्मद जाकिर , नंदगिरिश, ऋषभ सोनी, सौरभ राई, पार्थ वर्मा और नावेद अली उपस्थित थे।

**ईस्ट जोन का ट्रॉयल 2 फरवरी को रेलवे सेक्रेसा मैदान में**



## हैंडबॉल प्रतियोगिता की विजेता रही दुर्ग

अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय द्वारा राज्य स्तरीय महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इसके कड़े मुकाबले में दुर्ग ने रायपुर की टीम को परास्त कर विजय श्री हासिल की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. वी. के. सारस्वत ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एयू के कुलसचिव डॉ. तारनीश गौतम ने की। स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन डॉ. प्रमोद तिवारी ने प्रस्तुत किया।



उन्होंने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में राज्य के 11 सेक्टर—रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, राजनांदगांव, बलौदा बाजार, महासमुंद, दुर्ग, उत्तर बस्तर कांकेर, दक्षिण बस्तर जगदलपुर एवं सरगुजा की टीमों ने भाग लिया। जिनमें से 6 विश्वविद्यालयों की टीमों का चयन किया जाना है। मुख्य अतिथि डॉ. सारस्वत ने खिलाड़ियों को अनुशासन में रहकर खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। कुलसचिव डॉ. तारनीश गौतम ने खिलाड़ियों से संगठित होकर खेलते हुए खेल भावना का परिचय देने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. सी. डी. आगाशे, डॉ. संतोष बाजपेई एवं डॉ. प्रमोद तिवारी की उपस्थिति में प्रतियोगिता का सफल संचालन हुआ। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुर्ग एवं रायपुर की टीमों ने फाइनल में प्रवेश किया। कड़े संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले में दुर्ग की टीम ने विजय प्राप्त की। समापन समारोह में डॉ. तारनीश गौतम, डॉ. अतुल दुबे, आचार्य डॉ. प्रमोद तिवारी, डॉ. अजय सिंह तथा डॉ. बसंत अंचल डॉ बोगी शंकर राव द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान डॉ. आलोक शर्मा, डॉ. सतीश गोयल, डॉ. सुरेश पवार, राजेश सिंह, सी. पी. सिंह क्रीड़ा अधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। निर्णायक राम प्रताप, जितेंद्र तिवारी एवं अशोक साहू थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बसंत आंचल ने किया।


जीवेत शरदः शतम्
जीवेत शरदः शतम्
छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष,
भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं बिल्हा के माटीपुत्र,
विकासपुरुष, यशस्वी विधायक
मान. श्री धरमलाल कौशिक जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
-: आज के कार्यक्रम :-
सुबह 8:00 परसदा से रतनपुर प्रस्थान
11 .00-यदुनंदन नगर सामुदायिक भवन
01 .00-पथरिया रेस्ट हाउस
03.00-सरगांव बस स्टैण्ड परिसर
शाम 5 से 8 बजे-सौजन्य भेंट, मंगल भवन केशला रोड, बिल्हा
डॉ. देवेन्द्र कौशिक
डॉ. पुष्पेन्द्र कौशिक
विनीत : समस्त कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी-पथरिया मण्डल, बिल्हा विधानसभा क्षेत्र


जीवेत शरदः शतम्
जीवेत शरदः शतम्
बिल्हा विधानसभा के लाडले विधायक
छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष,
भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं बिल्हा के माटीपुत्र,
विकासपुरुष, यशस्वी विधायक
मान. श्री धरमलाल कौशिक जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
कैलाश सिंह ठाकुर
जिला महामंत्री भाजपा मुंगेली
पंकज वर्मा
मण्डल महामंत्री भाजपा सरगांव
अनिल दुबे
मण्डल महामंत्री भाजपा सरगांव
पोषण यादव
मण्डल अध्यक्ष भाजपा सरगांव
विनित :- समस्त प्रबंधक सेवा सहकारी समिति, जिला सहकारी बैंक सरगांव




# बीएनआई बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला 2026: व्यापार, मनोरंजन और सामाजिक सरोकार का भव्य आयोजन

साइंस कॉलेज मैदान, सरकंडा में बीएनआई बिलासपुर द्वारा आयोजित व्यापार एवं उद्योग मेला 2026 ने व्यापार, उद्योग और सामाजिक जिम्मेदारी को एक साथ जोड़ते हुए शहरवासियों और व्यवसायिक समुदाय के लिए आकर्षक मंच प्रस्तुत किया। यह मेला 29 जनवरी से 3 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित हो रहा है। शहरवासियों और व्यापारियों ने इसे बेहद उत्साहपूर्वक सराहा, जिससे यह मेला पिछले वर्षों की तरह इस बार भी सफल साबित हुआ। मेले में शनिवार को बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, वहीं बिलासपुर संभागीय आयुक्त सुनील जैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अति विशिष्ट अतिथियों में अटल बिहारी वाजपेई



विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एडीएन वाजपेई, पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सी.के. सरस्वत, डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविंद तिवारी, सीएमडी कॉलेज के अध्यक्ष संजय दुबे और पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष विनोद मेघानी शामिल रहे। अतिथियों ने मेले की भव्यता, आयोजन की साज-सज्जा और इसके सामाजिक तथा व्यापारिक महत्व की खुले दिल से सराहना की। मेले में व्यापारिक और सामाजिक स्टॉल की विविधता ने दर्शकों का ध्यान खींचा। यहां बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए 10 से अधिक प्रकार के झूले, फूड स्टॉल, क्राफ्ट बाजार, रियल एस्टेट और लाइफस्टाइल सेक्टर, हॉस्पिटल्स, रोजगार मेला, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, नेत्रदान एवं रक्तदान शिविर लगाए गए। लोग परिवार सहित स्टॉल पर खरीदारी, सेवाओं की जानकारी और मनोरंजन का आनंद लेने पहुंचे। बीएनआई बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला 2026 ने व्यापारिक संभावनाओं, बच्चों की प्रतिभा और सामाजिक जागरूकता को एक साथ जोड़ते हुए शहर के लिए एक प्रेरणादायक और बहुआयामी मंच प्रस्तुत किया है। अतिथियों, व्यापारियों और नागरिकों ने इसके आयोजन की भव्यता और सामाजिक दृष्टिकोण की खुले दिल से सराहना की, जिससे यह मेला शहरवासियों और उद्योग जगत के लिए गौरव और प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

## व्यापार एवं उद्योग मेला स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति देता है: विधायक सुशांत शुक्ला



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने यह धन कमाने का नहीं सारोकार कमाने का मौका है। जहाँ सूक्ष लघु और माध्यम उद्योगों का मिलन है इसलिए यह सार्थक कार्यक्रम है, जो समता मूलक समाज का प्रतीक है जो यहां स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। पूरे BNI परिवार का आभार प्रकट करता हूँ कि उन्होनें इस सपने को साकार किया, उन्होंने बीएनआई बिलासपुर द्वारा आयोजित व्यापार एवं उद्योग मेले की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय व्यापार, उद्यमिता और रोजगार के नए अवसर पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि यह मेला छोटे और मध्यम व्यापारियों को अपनी क्षमताएं प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करता है, जिससे शहर और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलती है।

## मुख्य अतिथियों के अनुभव



**डॉ. ए.डी.एन. बाजपेयी जी**
कुलपति
अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय

संयुक्त समृद्धि का एक साकार रूप यहाँ स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। भारत की समृद्धि में छोटे उद्योगों का लगभग 94 प्रतिशत योगदान है, जो देश की आर्थिक रीढ़ माने जाते हैं। इन उद्योगों को सही मार्गदर्शन, मंच और अवसर देने का कार्य बीएनआई मेला प्रभावी रूप से करता है। यह मेला उद्यमियों को नेटवर्किंग, नवाचार और सहयोग का अवसर प्रदान करता है। गुजरात मॉडल, जहाँ बेहतर प्रबंधन, पारदर्शिता और योजनाबद्ध विकास देखने को मिलता है, उसे हमें यहाँ भी अपनाना चाहिए, ताकि स्थानीय उद्योग और अर्थव्यवस्था और अधिक सशक्त बन सके।



**श्री सुनील जैन, IAS**
संभागीय आयुक्त
बिलासपुर संभाग बिलासपुर

25 वर्षों से चली आ रही यह परंपरा वास्तव में सराहनीय और प्रेरणादायक है। बीएनआई व्यापार एवं उद्योग मेला केवल आर्थिक तरक्की तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने विशेष व्यक्तियों के सम्मान, रोजगार सृजन और लघु उद्योगों को प्रोत्साहन जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य भी किए हैं। ऐसे आयोजनों से स्थानीय उद्यमिता को मजबूती मिलती है और समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है। निश्चित रूप से बीएनआई का यह प्रयास प्रशंसा योग्य है और भविष्य में भी इसी तरह के प्रभावी एवं उपयोगी कार्यक्रमों की निरंतरता की कामना की जाती है।



**डॉ. अरविंद तिवारी जी**
कुलसचिव,
सी.वी. रमन विश्वविद्यालय

25 वर्षों से यह मेला आयोजित कर रहा है, यह हमारी परंपरा बन चुकी है। स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह व्यापार मेला आयोजित किया जाता है। उद्यमियों का सहयोग ही राज्य और राष्ट्र की समृद्धि का आधार है।



**श्री संजय दुबे जी**
अध्यक्ष
सीएमडी कॉलेज

बीएनआई मेला केवल व्यापार का मंच नहीं, बल्कि विचारों, अवसरों और सहयोग का प्रभावी संगम है। यह छोटे उद्यमों को पहचान, नेटवर्किंग और विकास के नए अवसर प्रदान करता है, जिससे स्थानीय व्यापार को नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और स्थायी प्रगति की दिशा मिलती है।



**श्री विनोद मेघानी**
अध्यक्ष
पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत

यह मेला स्टार्टअप्स और नए व्यवसायियों के लिए सीखने, नेटवर्किंग करने और आगे बढ़ने का सशक्त अवसर प्रदान करता है। बीएनआई के माध्यम से बिलासपुर को राष्ट्रीय व्यापार मानचित्र पर पहचान मिली है, जिससे स्थानीय उद्यमिता, निवेश और व्यावसायिक संभावनाएँ निरंतर सुदृढ़ हुई हैं।

## अध्यक्ष की कलम से



**डॉ. किरणपाल सिंह चावला**
अध्यक्ष, मेला आयोजन समिति
एक्सक्यूटिव डायरेक्टर, BNI बिलासपुर

'जीते जी रक्तदान और जाते-जाते नेत्रदान व देहदान' केवल एक संदेश नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची पहचान है। जीवन रहते किया गया रक्तदान किसी ज़रूरतमंद को नया जीवन देता है, वहीं नेत्रदान और देहदान मृत्यु के बाद भी समाज की सेवा का अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे पुण्य कार्य संवेदनशील, जागरूक और जिम्मेदार समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। बीएनआई बिलासपुर सदैव मानव कल्याण, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व के इन प्रयासों के साथ खड़ा रहेगा और लोगों को इसके लिए प्रेरित करता रहेगा।

# बिलासपुर के भविष्य पर मंथन: Vision of Bilaspur 3.0 में विकास, स्वास्थ्य और निवेश पर चर्चा

मेले का एक और प्रमुख आकर्षण रहा Vision of Bilaspur 3.0, जिसे डॉ. देवेंद्र सिंह एवं निहारिका द्वारा होस्ट किया गया। इस विशेष टॉक शो के माध्यम से बिलासपुर की अब तक की विकास यात्रा और भविष्य की संभावनाओं पर व्यापक चर्चा की गई। इस संवाद में व्यापार, उद्योग, शिक्षा, आधारभूत संरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर), स्वास्थ्य सेवाएँ और नवाचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार बिलासपुर धीरे-धीरे एक उभरते हुए व्यापारिक और औद्योगिक केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। साथ ही यह भी चर्चा हुई कि आने वाले समय में किस तरह नई निवेश संभावनाएँ, शैक्षणिक विस्तार, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ और स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर बिलासपुर के भविष्य को और मजबूत बना सकते हैं। यह सत्र उद्यमियों, छात्रों और शहरवासियों के लिए दिशा देने वाला और प्रेरणादायक रहा।

मुख्य परिचर्चा में शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. देवेंद्र सिंह ने बिलासपुर की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर चिंता



व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कोनी क्षेत्र में एक बड़ा अस्पताल बन चुका है, लेकिन वहाँ अब तक ओपीडी और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रारंभ नहीं हो पाई हैं, जो शहर के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

श्री रविंद्र प्रताप सिंह, नाइसटेक ग्रुप के चेयरमैन, ने बताया कि वे 2000 से अधिक युवाओं को स्किल्ड बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, ताकि उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।

हाई कोर्ट के अधिवक्ता श्री धीरज वांखेड़े ने कहा कि हाई कोर्ट की पैनी नजर बिलासपुर की हवाई सेवा पर है और इसे जल्द से जल्द सुचारू करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

श्री अनिल मुंदड़ा, संस्थापक अद्वैत फार्म्स, ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "एक जिला–एक उत्पाद" विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका सपना है कि बिलासपुर हरा-भरा, धूल-मुक्त हो और मोरिंगा (मुनगा) उत्पादन के लिए पहचाना जाए।

समाजसेवी एवं व्यापारी जसवीर सिंह चावला ने सिटीजन फोरम के गठन और श्रमिक पलायन पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जांजगीर-चांपा और बिलासपुर से सबसे अधिक पलायन होता है, इसलिए पलायन करने वाले परिवारों का पंजीकरण जरूरी है, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

BNI बिलासपुर के डायरेक्टर ने मांग रखी कि जिस प्रकार रायपुर के राडा ऑटो एक्सपो में राजस्व छूट दी जाती है, उसी तरह भविष्य में बिलासपुर मेला में भी छूट दी जाए, ताकि स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिल सके।

परिचर्चा में श्रीमती विद्या गोवर्धन ने ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर अपनी बात रखी और बिलासपुर में बेहतर यातायात व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया।

## गोल्डन कपल अवार्ड: जीवनभर के साथ का सम्मान

BNI बिलासपुर मेले के मंच से प्रदान किया गया Golden Couple Award कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक और प्रेरणादायक क्षण रहा। इस सम्मान के अंतर्गत उन दंपत्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूर्ण किए हैं। यह सम्मान केवल वर्षों की संख्या का नहीं, बल्कि समर्पण, विश्वास, धैर्य और साथ निभाने की भावना का प्रतीक रहा। इन दंपत्तियों की जीवन यात्रा ने उपस्थित दर्शकों, खासकर युवाओं को रिश्तों की गहराई और पारिवारिक मूल्यों का महत्व समझाया। पूरा पंडाल तालियों और भावनाओं से भर उठा।




श्री नरेश -श्रीमती किरण सुल्तानिया
श्री प्रेम -श्रीमती सुमन त्रिहान
श्री विंसेंट -श्रीमती स्नेहलता गॉटलिब
श्री मदन गोपाल सिंह -श्रीमती रूपा सिंह
श्री जमनादास -श्रीमती पुष्पांजलि कक्कड़
श्री विनोद -श्रीमती कल्याणी पाठक
श्री राम कुमार -श्रीमती निर्मला शर्मा
श्री राम मणि -श्रीमती सावित्री पांडेय
श्री एल.एन.गुरुदीवान - श्रीमती कमलेश गुरुदीवान
श्री प्रमोद प्रसाद - श्रीमती प्रभा श्रीवास्तव
श्री विद्या भूषण -श्रीमती हरबती शर्मा

## BNI बिलासपुर मेले की संवेदनशील पहल: जीते जीते रक्तदान जाते जाते नेत्रदान व देहदान

यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मानवता के प्रति ज़िम्मेदारी और संवेदनशील सोच का सशक्त संदेश बनकर सामने आया। इस मानव कल्याण अभियान के अंतर्गत बड़ी संख्या में नागरिकों ने नेत्रदान एवं देहदान के लिए स्वेच्छा से पंजीकरण कराया। लोगों ने यह समझा कि जीवन के बाद भी किसी के लिए रोशनी और जीवन का माध्यम बना जा सकता है। मंच से इस विषय पर जागरूकता फैलाते हुए बताया गया कि नेत्रदान से कई ज़िंदगियों में उजाला आ सकता है, वहीं देहदान चिकित्सा शिक्षा और शोध के लिए अमूल्य योगदान देता है। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया, जब उन महान आत्माओं के परिजनों को मंच पर सम्मानित किया गया, जिन्होंने पहले ही नेत्रदान या देहदान जैसा पुण्य कार्य किया था। यह सम्मान उनके त्याग, साहस और समाज के प्रति समर्पण को नमन था। पूरा सभागार भावनाओं से भर उठा और उपस्थित लोगों ने इस पहल को खुले दिल से सराहा।यह अभियान समाज में जागरूकता, करुणा और सेवा भाव को मजबूती देने वाला साबित हुआ और यह संदेश गया कि सच्चा विकास केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों से भी जुड़ा होता है। BNI बिलासपुर मेले ने यह सिद्ध कर दिया कि व्यापार और मानवता साथ-साथ चल सकते हैं।

## ग्लोमोरा 3.0: हर उम्र के आत्मविश्वास और स्टाइल का उत्सव




BNI बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेले में आयोजित Glamoura 3.0 केवल एक फैशन शो नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुभव और व्यक्तित्व का उत्सव बनकर सामने आया। इस कार्यक्रम को विशेष रूप से तीन कैटेगरी में आयोजित किया गया, जिससे हर आयु वर्ग को मंच मिल सके। पहली कैटेगरी में 25 से 50 वर्ष की आयु के दंपत्तियों ने रैंप वॉक कर यह साबित किया कि फैशन और आत्मविश्वास उम्र का मोहताज नहीं होता। उनके तालमेल, प्रस्तुति और स्टाइल ने दर्शकों को खूब प्रभावित किया। दूसरी कैटेगरी में 50 वर्ष से अधिक आयु के दंपत्तियों ने भाग लिया, जिनकी मंचीय उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि अनुभव, गरिमा और आत्मविश्वास ही असली फैशन है। दर्शकों ने तालियों के साथ इन प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही युवा प्रतिभागियों (Individual Youth Participants) ने भी रैंप पर अपनी ऊर्जा, स्टाइल और क्रिएटिविटी का शानदार प्रदर्शन किया। Glamoura 3.0 ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह मंच केवल मॉडलिंग नहीं, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति और सकारात्मक सोच का प्रतीक है।












## खबर संक्षेप

### संत शिरोमणि गुरु रविदास महराज की जयंती आज

बिलासपुर। अहिरवार समाज के सदस्यों द्वारा गुरु रविदास की 649 वी जयंती 1 फरवरी को मनाई जाएगी। सुबह 7 बजे गुरु जी की आरती से प्रारम्भ कर जयंती की शुरुवात की जाएगी। 9 बजे दयालबंद गुरूद्वारे से रागी जत्था के द्वारा गुरुवाणी की जाएगी। फिर गुरुवाणी के बाद शोभायात्रा निकला जाएगा। जिसमे करबला, तालापारा, चिंगराजपारा,देवरीखुर्द, टिकरापारा, तारबहार, परसदा व अन्य सभी जगह के गुरु प्रेमी शामिल होकर शोभायात्रा निकालेंगे। शोभायात्रा का रूट सभी एकत्रित होकर गांधी चौक, जूना बिलासपुर,हटरी चौक, गोल बाजार,सदर बाजार, सिम्स चौक,पुलिस ग्राउंड,अग्रसेन चौक,पुराना बस स्टैंड होते हुए संत रविदास नगर करबला में शोभयात्रा का समापन होगा। शाम 6 बजे गुरु की महाआरती के पश्चात भोग भंडारा का आयोजन होगा। पूरी रात गुरु रविदास की भजन का कार्यक्रम होगा।

### छग तेलुगु महासंगम का संक्रांति संदाडी व माघ पूर्णिमा महोत्सव आज



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ तेलुगु महासंगम के तत्वावधान में 1 फरवरी रविवार को संक्रांति संदाडी एवं माघ पूर्णिमा पर शिवरीनारायण स्थित महानदी तट पर भव्य सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बिलासपुर एवं आसपास के क्षेत्रों से लगभग 500 से अधिक तेलुगु समाज के लोग सम्मिलित होकर पर्व को सामूहिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाएंगे। कार्यक्रम में सम्मिलित होने बिलासपुर से शिवरीनारायण के लिए बस सुबह सुबह 6. 30 बजे रामलीला मैदान, रेलवे तोरवा पुलिस थाना बिलासपुर से होगी। पूरे दिन विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। इस आयोजन को सफल बनाने में बी वेणुगोपाल राव, वाई जग्गा राव, सुरेश पटनाला, एन लोकेश, आर श्रीनिवास राव, सी श्रीनिवास राव (गब्बर), पी चंद्रा बाबू, , यू मुरली राव, ए अनुराधा,(अन्नू), वाई दुर्गा, बी माधवी ए वेंकटेश्वर राव, एन रमना मूर्ति, ए मूर्ति आदि लगे हुए हैं

### आखिरी दिन 2 लाख 96 हजार क्विंटल आया धान

बिलासपुर । समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का काम खरीदी केन्द्रों में शुक्रवार को देर रात तक चला, जबकि शनिवार खरीदी कार्य बंद रहा। बिलासपुर जिले में समर्थन मूल्य पर लगभग 6 लाख 75 हजार मि. टन धान की खरीदी की गई है और आखिरी दिन 2 लाख 96 हजार क्विंटल धान खरीदी केन्द्रों में बेचने के लिए लाया गया था। शासन द्वारा 30 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी की गई इसलिए शुक्रवार को खरीदी केन्द्रों में देर रात तक किसान अपना धान बेचने जद्दोजहद करते रहे। धान बेचने के लिए पहले ही किसानों द्वारा टोकन कटा लिया गया था। आखिरी दिन खरीदी केन्द्रों में 2 लाख 96 हजार क्विंटल धान किसानों द्वारा लाया गया, जिसके तौल का काम रात तक चला। जिले में कुल 6 लाख 75 हजार मि. टन धान की खरीदी की गई है, जबकि अनुमानित लक्ष्य 7 लाख 46 हजार मि. टन धान खरीदना था। इस तरह अनुमानित लक्ष्य से कुछ कम धान खरीदी हो पाई है। बिलासपुर जिले के 1 लाख 33 हजार किसान पंजीकृत किए गए थे। इनमें 1 लाख 25 हजार 263 किसानों ने ही समर्थन मूल्य पर केन्द्रों में ले जाकर अपना धान बेचा है। इस तरह से पंजीकृत किसानों में से 7 हजार 500 किसानों ने धान नहीं बेचा है। इन किसानों द्वारा धान नहीं बेचने के पीछे कारण रकबा संशोधन आदि कारण बताए जा रहे हैं। इसी तरह धान खरीदी के आखिरी दिन 5 हजार 38 किसानों ने टोकन कटाया था।

## देशभक्ति धुनों का जनसमूह ने लिया आनंद

## हाईकोर्ट परिसर में एन इवनिंग आफ म्यूजिकल हारमोनी का समापन

# उच्च न्यायालय परिसर में आरपीएफ बैंड की संगीतमय प्रस्तुति

बिलासपुर। शनिवार को हाईकोर्ट में एन इवनिंग आफ म्यूजिकल हारमोनी का भव्य एवं संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल के पाइप एवं ब्रास बैंड द्वारा अनुशासित एवं मनमोहक संगीतमय प्रस्तुति दी गई। विशेष रूप से राष्ट्रगीत वंदे मातरम की प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया। कार्यक्रम के माध्यम से संगीत, अनुशासन एवं सांस्कृतिक सौहार्द का सुंदर समन्वय देखने को मिला। बैंड द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति धुनों, पारंपरिक एवं समकालीन संगीत की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। बैंड सदस्यों की अनुशासित परेड, तालमेल एवं संगीतात्मक उत्कृष्टता ने उपस्थित दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया।

इस अवसर पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के द्वारा बैंड की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कलाकारों के अनुशासन एवं संगीतात्मक उत्कृष्टता को सराहा एवं प्रतिभागी सदस्यों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। यह संगीतमय संध्या न्यायिक गरिमा के साथ-साथ सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल रही।



आरपीएफ बैंड पार्टी के जवानों का उत्साह बढ़ाते हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा।

### बुलंद दरवाज़ा व टैरेस गार्डन का लोकार्पण

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय परिसर स्थित बुलंद दरवाज़ा एवं उससे संलग्न टैरेस गार्डन के सौंदर्यीकरण पश्चात लोकार्पण चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा द्वारा किया गया। इसका उद्देश्य उच्च न्यायालय परिसर की गरिमा, ऐतिहासिक महत्व एवं पर्यावरणीय सौंदर्य को संरक्षित एवं संवर्धित करना है। सौंदर्गीकरण कार्यों के अंतर्गत संरचनात्मक सुधार, हरित विकास, एवं परिसर को अधिक सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। जिससे न्यायालय में आने वाले अधिवक्ताओं, पक्षकारों एवं आम नागरिकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सके। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीश, महाधिवक्ता, डिप्टी सालिसिटर जनरल, वरिष्ठ अधिवक्ता, अतिरिक्त महाधिवक्ता, उप महाधिवक्ता, अन्य अधिवक्ता, रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री में पदस्थ समस्त न्यायिक अधिकारीगण, जिला न्यायप्रशासन के अधिकारी, न्यायालयीन अधिकारी एवं कर्मचारी एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे।

## बीएनआई व्यापार एवं उद्योग मेला 2026

# मेले में प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साइंस कॉलेज मैदान, सरकंडा में बीएनआई बिलासपुर द्वारा आयोजित व्यापार एवं उद्योग मेला 2026 ने व्यापार, उद्योग और सामाजिक जिम्मेदारी को एक साथ जोड़ते हुए शहरवासियों और व्यवसायिक समुदाय के लिए आकर्षक मंच प्रस्तुत किया। यह मेला 29 जनवरी से 3 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित हो रहा है। शहरवासियों और व्यापारियों ने इसे बेहद उत्साहपूर्वक सराहा, जिससे यह मेला पिछले वर्षों की तरह इस बार भी सफल साबित हुआ।

मेले में शनिवार को बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला मुख्य अतिथि थे। वहीं बिलासपुर संभागीय आयुक्त सुनील जैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अति विशिष्ट अतिथियों में एयू के कुलपति डॉ. एडीएन वाजपेई, ओपन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सी.के. सरस्वत, डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविंद तिवारी, सीएमडी कॉलेज के अध्यक्ष संजय दुबे और पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष विनोद मेघानी शामिल रहे। लोग परिवार सहित स्टॉल पर खरीदारी, सेवाओं की जानकारी और मनोरंजन का आनंद लेने पहुंचे।




आदर्श दंपतियों का सम्मान करते रमन विवि के कुलपति एवं सीएमडी कॉलेज के चेयरमैन।

### आदर्श दंपतियों का सम्मान

शनिवार को 50 वर्ष पूर्ण कर चुके आदर्श दंपतियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नरेश सुल्तानिया–किरण सुल्तानिया, प्रेम त्रिहान–सुमन त्रिहान, विंसेंट गॉटलिब–स्नेहलता गॉटलिब, मदन गोपाल सिंह–रूपा सिंह, जमनादास कक्कड़–पुष्पांजलि कक्कड़, विनोद पाठक–कल्याणी पाठक, राम मणि पांडेय–सावित्री पांडेय, एल.एन. गुरुदीवान–कमलेश गुरुदीवान, प्रमोद प्रसाद श्रीवास्तव–प्रभा श्रीवास्तव और विद्या भूषण शर्मा–हरबती शर्मा को मंच से सम्मानित किए गए।

### मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता आज

रविवार को मेले में बच्चों और युवाओं के लिए विशेष कार्यक्रम होगा। दोपहर को हेल्दी बेबी प्रतियोगिता होगी। साथ ही मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता भी होगी। जिसमें महिलाएं और युवतियां अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। शाम को इंटर स्कूल डांस प्रतियोगिता में 20 से अधिक स्कूलों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगी। इसके बाद किड्स स्पेशल एचीवमेंट अवार्ड सेरेमनी आयोजित की जाएगी। इस समारोह में बिलासपुर के 12 ऐसे बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा शक्ति के स्पेशल चाइल्ड ब्लाइंड स्कूल के बच्चे अपनी कला और हुनर का प्रदर्शन करेंगे। बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता होगी। इस दौरान मेले में लगाए गए स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र होंगे। इस दौरान शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से लोगों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। मेले का आनंद लेने दर्शक काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं।

### अतिथियों ने कहा

विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि यह धन कमाने का नहीं सारोकार कमाने का मौका है। जहाँ सूक्ष लघु और माध्यम उद्योगों का मिलन है इसलिए यह सार्थक कार्यक्रम है, जो समता मूलक समाज का प्रतीक है जो यहां स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। संभागीय आयुक्त सुनील जैन ने कहा कि यह व्यापार एवं उद्योग मेला से सिर्फ आर्थिक तरक्की नहीं बल्कि विशेष व्यक्तियों का सम्मान, रोज़गार एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा जैसे सामाजिक कार्य भी किए हैं। एयू के कुलपति श्री बाजपेयी ने कहा कि गुजरात मॉडल—जहाँ बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता है—हमें यहाँ भी अपनाना चाहिए। डा. सीवी रमन विवि के कुलसचिव अरविंद ने कहा कि यह मेला पिछले 25 वर्षों से यह मेला आयोजित कर रहा है, यह हमारी परंपरा बन चुकी है। स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह व्यापार मेला आयोजित किया जाता है। बीएनआई के डायरेक्टर किरण पाल ने कहा कि जीते जी रक्तदान और जाते-जाते नेत्रदान व देहदान' केवल एक संदेश नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची पहचान है। ऐसे पुण्य कार्य संवेदनशील, जागरूक और जिम्मेदार समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। बीएनआई बिलासपुर सदैव मानव कल्याण, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व के इन प्रयासों के साथ खड़ा रहेगा और लोगों को इसके लिए प्रेरित करता रहेगा।

# सीएमडी हरीश को मिला डब्ल्यूसीएल का प्रभार

बिलासपुर। एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन को डब्ल्यूसीएल के सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।



यह अतिरिक्त प्रभार 1 फरवरी से प्रारंभ होकर प्रारंभिक अवधि तीन माह के लिए अथवा आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। सीएमडी श्री दुहन ने 27 मार्च 2025 को साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पदभार ग्रहण किया है।

उनके नेतृत्व में एसईसीएल ने भू-अधिग्रहण, गुणवत्तापूर्ण कोयला उत्पादन, सतत एवं पर्यावरण-अनुकूल खनन, महिला सशक्तीकरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

श्री दुहन के मार्गदर्शन में एसईसीएल भूमिगत खदानों में पेस्ट-फिल तकनीक अपनाने वाली देश की पहली कोल पीएसयू बनी है। लंबे समय से भू-अधिग्रहण की चुनौतियों से जूझ रही एसईसीएल की मेगा परियोजनाओं में, उनके नेतृत्व में अप्रैल 2025 से अब तक रिकॉर्ड 250 हेक्टेयर से अधिक भूमि का पजेशन प्राप्त किया गया है, जिससे उत्पादन क्षमता को सशक्त आधार मिला है।

इसके अतिरिक्त, कोल इंडिया की पहली पूर्णतः महिला-संचालित डिस्पेंसरी तथा ऑल-वूमेन सेंट्रल स्टोर यूनिट की शुरुआत कर एसईसीएल ने नारी सशक्तीकरण एवं कार्यस्थल समावेशन के क्षेत्र में भी नए मानक स्थापित किए हैं। श्री दुहन को कोयला खनन क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक का व्यापक एवं बहुआयामी अनुभव प्राप्त है। उन्होंने नागपुर विश्वविद्यालय से माइनिंग इंजीनियरिंग में स्नातक उपाधि प्राप्त की है। वर्ष 1989 में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) से अपने करियर की शुरुआत करने वाले श्री दुहन के पास फर्स्ट क्लास माइन मैनेजर सर्टिफिकेट तथा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की उपाधि भी है। उन्होंने अपने करियर के दौरान सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में निदेशक (तकनीकी-संचालन) के रूप में कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा, उन्होंने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की निगाही परियोजना में एरिया जनरल मैनेजर तथा कॉर्पोरेट प्रोजेक्ट प्लानिंग विभाग के महाप्रबंधक के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ निभाई हैं।

## निधन

### मानस सराफ



बिलासपुर। यदुनंदन नगर तिफरा 1/275 निवासी मानस सराफ का 31 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 फरवरी को सुबह 9 बजे तिफरा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मोतीलाल सराफ के पुत्र एवं अनंत सराफ के भाई थे।

### दीपक मिश्रा



बिलासपुर। बंधवापारा जांजी तालाब निवासी स्व. राजेश मिश्रा के छोटे पुत्र दीपक मिश्रा का 27 साल की आयु में शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में रविवार को सुबह 10.30 बजे किया जाएगा। वे लक्ष्मण, प्रमोद, गौकरण, संजय मिश्रा के छोटे भाई थे।

### हाजी मोहम्मद स्माइल रिजवी



बिलासपुर। तेलीपारा निवासी हाजी मोहम्मद स्माइल रिजवी का 30 जनवरी को बैंगलोर में निधन हो गया। उन्हें 1 फरवरी को खामोशगंज कब्रस्तान में सुबह 10.30 बजे सुपुर्देखाक किया जाएगा। वे जावेद के पिता अयुब के बड़े पिता तथा समीम रिजवी के माता थे।

### चन्द्रशेखर तिवारी



रतनपुर। भेडीमुडा निवासी प्रतिष्ठित नागरिक सेवानिवृत्त प्रधानपाठक चन्द्रशेखर तिवारी का शनिवार 31 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार आठाबीसा तालाब स्थित श्मशान में किया गया। वे पूर्व साडा अध्यक्ष स्व बलदेव प्रसाद शर्मा के पुत्र थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

### द्रौपदी देवी तोलानी



तखतपुर। वार्ड 7 पुराना थाना निवासी द्रौपदी देवी तोलानी का 75 वर्ष की आयु में 29 जनवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे संतोष तोलानी, सुनील तोलानी की मां थीं।

## बिजनेस प्लस

# टीवीएस के नए शो रूम का शुभारंभ

बिलासपुर। शहर में टीवीएस दो पहिया वाहन के नए सर्वसुविधायुक्त शोरूम के रूप में बिलासपुर टीवीएस का भव्य शुभारंभ किया गया। दो पहिया वाहन के सम्पूर्ण रेंज जिसमे इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल है। इसके नव निर्मित शो रूम बिलासपुर टीवीएस के नाम से आरके पेट्रोल पंप के बगल में सीपत रोड सरकंडा में प्रारम्भ हुआ ।

इस आधुनिक शो रूम में टीवीएस के सभी नए मॉडल , नए कलर , वर्ल्ड क्लास सर्विस एवं स्पेयर पार्ट्स उपलब्ध हैं। शुभारंभ दिवस पर बिलासपुर टीवीएस ने 17 गाड़ियों की डिलीवरी करी एवं शुभारंभ




स्कीम के तहत ग्राहकों को बेहतरीन उपहार भी प्रदान किया गया। 20 जनवरी से 5 फरवरी तके चलने वाले 50% आरटीओ टैक्स बेनिफिट का भी लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर टीवीएस कम्पनी के सेल्स आरएसएम रविन्द्र देसाई , टीवीएस सर्विस के आरएसएम शुभ रंजन सिन्हा, बिलासपुर टीवीएस के संचालक रवि जसवानी , नीरज जसवानी आदि मौजूद थे।

# शैल वस्त्रालय में 'सिल्क कथा' प्रदर्शनी शुरू

बिलासपुर। शैल वस्त्रालय में 31 जनवरी से 'सिल्क कथा' नामक विशेष रेशमी साड़ी प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न क्षेत्रों की पारंपरिक और प्रीमियम सिल्क साड़ियों का विशाल संग्रह एक ही स्थान पर ग्राहकों के लिए उपलब्ध रहेगा। प्रदर्शनी में कड़वा, पट्टू, पटोला, करियाल, महेश्वरी, कसावु पैठणी, जामदानी, बालूचरी, सुआलकुची, भागलपुरी इकत, धाबला, बनारसी, वेंकटगिरी, खेस, कोटा डोरिया, कांजीवरम एवं पोचमपल्ली जैसी विशिष्ट सिल्क वैरायटीज़ शामिल की गई हैं, जो अपनी बुनावट, रंगों और पारंपरिक शिल्प के लिए विशेष पहचान रखती है। शैल वस्त्रालय द्वारा पिछले वर्ष भी 'सिल्क कथा' का आयोजन किया गया था, जिसे ग्राहकों से अत्यंत उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई थी। उसी



सफलता को देखते हुए इस वर्ष प्रदर्शनी को और भी विशेष एवं विस्तृत स्वरूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। बिलासपुर के ग्राहकों की पसंद पारंपरिक, शुद्ध और प्रीमियम सिल्क की ओर लगातार बढ़ रही है, जिसे 'सिल्क कथा' को मिल रही स्वीकृति स्पष्ट रूप से दर्शाती है।'सिल्क कथा' के माध्यम से पारंपरिक हथकरघा उद्योग, बुनकरों की कला और स्वदेशी शिल्प को प्रोत्साहन देने का भी एक सार्थक प्रयास किया जा रहा है। शैल वस्त्रालय के निदेशक विवेक गुप्ता एवं विनय गुप्ता ने कहा कि "सिल्क केवल वस्त्र नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत और कारीगरों की मेहनत का प्रतीक है। 'सिल्क कथा' के माध्यम से हमारा उद्देश्य ग्राहकों को विभिन्न क्षेत्रों की शुद्ध और उत्कृष्ट सिल्क साड़ियों का श्रेष्ठ संग्रह उपलब्ध कराना है। पिछले वर्ष मिले अपार स्नेह ने हमें इस वर्ष और बेहतर प्रस्तुति के लिए प्रेरित किया है।" उन्होंने बताया कि यह प्रदर्शनी 31 जनवरी से 8 फ़रवरी तक चलेगी।

# शांतिनिकेतन स्कूल और कॉलेज में मना वार्षिक उत्सव

## एजुकेशन प्लस

बिलासपुर। शनिवार को शांतिनिकेतन स्कूल एवं महाविद्यालय ने अपना शानदार 30वां वार्षिकोत्सव पं. देवकीनन्दन दीक्षित सभागार, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में मनाया। जिसमें मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, क्रेडा चेयरमैन छ.ग. भूपेश सवन्नी, अध्यक्ष खनिज विकास निगम, छ.ग. सौरभ सिंह , मेयर पूजा विधानी, रेखा गुप्ता, पूर्व विधायक कृष्णमूर्ती बाँधी थे।

प्राचार्य राकेश गुप्ता के नेतृत्व में शाला परिवार के शिक्षक शिक्षिकाएं अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं योगदान दिए। मंच संचालन रूचि मिश्रा भार्गव एवं प्रिया सिंग ने किया। सुनीता यादव एवं शाला की




कार्यप्रभारी प्रिया मौर्य के दिशा निर्देश पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरूस्कार- शिवली चटर्जी, कुहेली भट्टाचार्य, सुनीता यादव, इंदु देवागन, कोकिला राणे को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ छात्र पुरस्कार -भूमि राही नर्सरी 98%, मीतांशी साहू केजी-वन 95%, काव्यांश यादव केजी दो 98%, आराध्या तिवारी कक्षा वन 99%, आराव वर्मा कक्षा दो, हर्षिता यादव कक्षा तीन 99%, आदित्य केवट कक्षा चौथी 89%, उपासना दिवान कक्षा पांचवी 91%, झिलमिल कश्यप कक्षा छठवी 89%, आन्या तिवारी कक्षा सातवी 90%, अंकिता जाना कक्षा आठवी 83%, निधी केवट कक्षा नवमी 85%, विनय मानिकपुरी कक्षा दसवी 80%, सिद्धी यादव कक्षा ग्यारहवी 92%, इसाना अग्रवार कक्षा बारहवी 88%, अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया। कार्यक्रम में भूपेश सवन्नी, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक सुशांत शुक्ला , मेयर पूजा विधानी ने बच्चों के सास्कृतिक कार्यकम कि सराहना की। इस अवसर पर रेखा गुप्ता, प्राचार्य निलेश गुप्ता ने मुख्य अतिथि को भेंट कर उनका सम्मान किया।

### नशे का कारोबार चला पुलिस का डंडा

बिलासपुर। नशे का कारोबार करने वालों पर पुलिस का डंडा चलना शुरू हो गया है। पान ठेलों, दुकानों में पुड़िया में गांजा व गोगो बेचने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। विगत 5 दिनों में पुलिस ने 55 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह अभियान लगातार जारी है। एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल के नेतृत्व में लगाकर थानेदार अपने अपने क्षेत्र में पान ठेला, किराना दुकान सहित घरों से पुड़िया में गांजा व गोगों बेचने वालों के ठिकानों में दबिश देकर कार्रवाई करने में लगी हुई है। एएसपी श्री पटेल ने बताया, 5 दिन में 6 एनडीपीएस एक्ट के तहत 1300 नग नशीली टेबलेट, एविल इंजेक्शन, 4 किलो गांजा व अवैध शराब के 9 प्रकरणों में 124 पाव देशी शराब, 6 प्रकरणों में 254 लीटर महुआ शराब, 500 नग गोगो जब्त किया गया है। नशे से जुड़ी सामग्री विक्रय व गतिविधियों में संलिप्त पाए गए 40 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है।




जीवेत शरदः शतम्
जीवेत शरदः शतम्
छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष
एवं बिल्हा के माटीपुत्र, विकासपुरुष, यशस्वी विधायक
मान. श्री धरमलाल कौशिक जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
एवं
श्रीमती जया पाण्डेय जी
को जिला भाजपा महिला मोर्चा मंत्री
बिलासपुर शहर
बनने पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...
पैगन वर्मा
जिला उपाध्यक्ष
दिनेश पाण्डेय
जिला कार्य समिति
लव श्रीवास
मंडल अध्यक्ष बोदरी
श्रीमती रजनी लव श्रीवास
जनपद सदस्य बिल्हा
श्रीमती जया पाण्डेय
जिला भाजपा महिला मोर्चा मंत्री बिलासपुर शहर
मदन अग्रवाल
मनीष अग्रवाल
मुकेश अग्रवाल
शिमला वर्मा
नं.पा. उपा. बोदरी
रितेश अग्रवाल
अंजली निषाद
भारती रजक
विनीत : मदन अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, संजय पाण्डेय बिलासपुर


मा. धरमलाल कौशिक जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
राजेश त्रिवेदी
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा
रितेश अग्रवाल
जिलामंत्री भाजपा, बिलासपुर शहर
हनीफ़ खान
जिला अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा
श्याम कार्तिक वर्मा
पार्षद, नगर निगम बिलासपुर
संजय सिंह
भाजपा नेता
रविन्द्र पाटनवार
विधायक प्रतिनिधि
सेवक साहू
समाज सेवक
राजकुमार यादव
पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष, तिफरा
विपिन वर्मा
भाजपा नेता
राजकिशोर शर्मा
पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष
महितोष सराफ
सचिव, चेम्बर ऑफ कॉमर्स, बिलासपुर
सिद्धार्थ त्रिवेदी
भाजपा युवा नेता
भुवनेश्वर रात्रे
जिला मंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा, बिलासपुर
अनिल सूर्या
भाजपा युवा नेता
केतन वर्मा
जिला महामंत्री भाजयुमो, बिलासपुर


बिल्हा के विकास पुरुष, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक
मान. धरमलाल कौशिक जी
को जन्म दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## आर्चरी कंपाउंड गेम में विकास को गोल्ड मैडल

**बिलासपुर।** नासिक महाराष्ट्र में आयोजित मास्टर गेम में बिलासपुर एयरपोर्ट चकरभाटा में कार्यरत प्रधान आरक्षक विकास तिवारी आर्चरी कंपाउंड गेम में शामिल हुए। जिन्होंने 40+ के गेम में शामिल होकर प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल हासिल कर छत्तीसगढ़ राज्य और पुलिस प्रशासन का नाम रोशन किया है। पिछले वर्ष भी उड़ीसा के मास्टर गेम में भी उन्होंने गोल्ड मैडल जीता था।

### हरिभूमि

**पाठकों के लिए माह जनवरी 2026 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग = | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह जनवरी 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 फरवरी 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

### प्लॉट में नई बोरिंग का काम चल रहा था, जमीन के भीतर अत्यधिक प्रेशर बनने से हादसा


# फर्श तोड़कर फूटा बोर का पानी, बाल-बाल बचा मकान मालिक, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ बिलासपुर के उस्लापुर अंतर्गत गोकुलधाम क्षेत्र में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक मकान की अंडरग्राउंड बोरिंग अचानक तेज दबाव के कारण फट गई। बताया जा रहा है कि पास ही स्थित पड़ोसी प्लॉट में नई बोरिंग का काम चल रहा था, जिसकी वजह से जमीन के भीतर अत्यधिक प्रेशर बन गया और यह हादसा हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बोरिंग फटते ही तेज दबाव के साथ पानी मकान के फर्श को तोड़ता हुआ बाहर निकल आया। कुछ ही पलों में घर के भीतर पानी भरने लगा, जिससे मकान मालिक समेत आसपास के लोग दहशत में आ गए। गनीमत यह रही कि घटना के समय मकान मालिक मौके पर मौजूद होने के बावजूद किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और वे बाल-बाल बच गए। इस पूरी घटना का भयावह दृश्य घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि किस तरह अचानक फर्श टूटता है और तेज रफ्तार से पानी बाहर की ओर बहने लगता है।

**गोकुलधाम क्षेत्र की घटना**


वह मकान जहा फर्श को तोड़कर घर में भरा पानी।

### इलाके में दहशत का माहौल

वीडियो सामने आने के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पड़ोसी प्लॉट में हो रहे बोरिंग कार्य में गंभीर लापरवाही बरती गई, जिससे आसपास के घरों की बोरिंग और संरचना पर दबाव पड़ा। बिना तकनीकी जांच और सुरक्षा मानकों का पालन किए बोरिंग किए जाने से यह स्थिति बनी। यह घटना घुरू–अमेरी मार्ग के पास स्थित गोकुलधाम कॉलोनी की बताई जा रही है। हादसे के बाद मोहल्ले के लोग प्रशासन और नगर निगम से बोरिंग कार्यों पर सख्त निगरानी और नियमों के पालन की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## मिक्सर मशीन में गिरकर युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर।** मिक्सर मशीन में गिरकर एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस जांच में जुट गई है।

पचपेड़ी मुढ़हाबोर निवासी तेज सिंह बंजारे ने बताया, उनका बेटा केवतरा एक्स ईंट भठ्ठा में काम करता था। 30 जनवरी को दोपहर 12.30 काम करने के बाद भी मिक्सर मशीन की चपेट में आकर अंदर गिर गया। आनन फानन में मिक्सर मशीन बंद कर उसे बाहर निकालकर इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू लहराकर लोगों को धमका रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस को सूचना मिली कि राजकिशोर नगर शराब दुकान के पास युवक चाकू लहराकर लोगों को धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर लिंगियाडीह श्यामनगर निवासी अजय सोनी उर्फ जानू पिता अशोक सोनी को पकड़ा। पुलिस ने चाकू बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।







# आईजी ने किया तोरवा थाने का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवपदस्थ आईजी रामगोपाल गर्ग ने तोरवा थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाने के पूरे स्टाफ को सशक्त मोबाइल एप की जानकारी दी, जिससे थाने में लावारिश हालत में खड़ी तीन बाइक की चोरी का खुलासा हो गया है।

31 जनवरी को आईजी श्री गर्ग, एसएसपी रजनेश सिंह के साथ तोरवा थाने निरीक्षण गए थे। इसी दौरान उनकी नजर थाना में परिसर में खड़ी तीन लावारिस बाइक पर गई। उन्होंने सशक्त मोबाइल एप अधिकारियों व कर्मचारियों को संचालित कर दिया। थाने में लावारिस हालत में मिली तीनों बाइक के नम्बर को एप के माध्यम से जांच की। जिससे स्कूटी प्लेजर क्रमांक सीजी 04 सीएक्स 7848 जिला रायपुर सिविल लाइन में दर्ज अपराध के में चोरी गई थी। इसी तरह तारबाहर थाना के बाइक क्रमांक सीजी 10 ईडी 6156 थाना चकरभाठा के अपराध में चोरी होना, तोरवा के एक्टीवा क्रमांक सीजी 04 एमबी 2782 रायपुर गंजा थाना के दर्ज अपराध में चोरी गई थी।

इस तरह से तोरवा के दो व तारबाहर के एक लावारिश बाइक के चोरी से जुड़े मामलों का खुलासा हुआ। संबंधित थाने को सूचना भेजकर वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### मेंटनेंस के नाम पर बिजली बंद

**बिलासपुर।** बिजली विभाग गर्मी से पहले पेड़ों की कटिंग और छटाई के साथ ही सबस्टेशन व ट्रांसफार्मर की मरम्मत में लग चुका है। इस दौरान अलग-अलग जोन के अंतर्गत शेड्यूल लेकर काम किया जा रहा है, जिसके चलते घंटों बिजली बंद की जा रही है। विनोबा नगर के आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही बिजली बंद की समस्या रही, जहां सुबह 7.30 बजे बिजली विभाग का अमला पेड़ों की छटाई करने मौके पर पहुंचा और लाइन बंद कर दी। इस दौरान आसपास के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही सुबह 11 से 2 बजे तक हाईकोर्ट फीडर, तारबहार फीडर की बिजली सप्लाइर ठप रही। मेंटनेंस और मरम्मत कार्य के लिए बिजली विभाग द्वारा आवश्यक कार्य किया गया। इस दौरान क्रांति नगर, विनोबा नगर, व्यापार विहार जैसे क्षेत्रों में बिजली बंद रही।

